शीश के दानी महाबलवानी

शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम,
तेरा जयकारा है जयकारा है जयकारा,
श्याम धणी का जयकारा,
शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम,
तेरा जयकारा है

त्रेता युग में राम बना द्वापर में घनश्याम बना,
अपने भक्तो की खातिर आज तू बाबा श्याम बना,
कोई नहीं है इस कलियुग में तुमसा देव महान,
तेरा जयकारा है,
शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम,
तेरा जयकारा है.........

नाम की महिमा भारी है नीले की असवारी है,
इसमें कोई शक ही नहीं तू कलियुग अवतारी है,
खाटू जैसा गाँव भी बाबा बन गया तीरथ धाम,
तुमसा देव महान तेरा जयकारा है,
शीश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम,
तेरा जयकारा है.....

घर घर पूजा होती है घर घर कीर्तन होते है,
अहोभाग्य हम दिनों के तेरे दर्शन होते है,
बनवारी मिल जाये हमको चरणों में स्थान,
तुमसा देव महान तेरा जयकारा है,
शिश के दानी महाबलवानी खाटू वाले श्याम
तेरा जयकारा है....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21257/title/shesh-ke-dani-mahabalvani

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |